आकाशवाणी
क्षेत्रीय समाचार
देहरादून (उत्तराखण्ड)
सोमवार 01.09.2025
समय 07.20

मुख्य समाचार :–

- राज्य के विभिन्न हिस्सों में आज भारी बारिश का अलर्ट; आने वाले दिनों में भी बारिश का अनुमान।
- मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने मौसम विभाग के अलर्ट के मद्देनज़र अधिकारियों को 24 घंटे सतर्क रहने के निर्देश दिए।
- प्रदेश में अब बिना चिकित्सकीय परामर्श के गर्भ संबंधी दवाओं की बिक्री नहीं होगी।
- राज्यपाल लेफ्टिनेंट जनरल गुरमीत सिंह ने कहा– उत्तराखण्ड की बेटियां अपने साहस और प्रतिभा से प्रदेश और देश को नई दिशा दे रही हैं।

मौसम

प्रदेश के विभिन्न हिस्सों में आज भारी बारिश की संभावना है। मौसम विभाग ने आज देहरादून, टिहरी, पौड़ी, बागेश्वर और हरिद्वार जिले में अत्यधिक भारी बारिश का रेड अलर्ट जारी किया है। राज्य के अन्य हिस्सों में भी भारी बारिश का ऑरेंज अलर्ट है।

मूसलाधार बारिश की संभावना के मद्देनज़र आज देहरादून, बागेश्वर, पिथौरागढ़, अल्मोड़ा, पौड़ी और चमोली जिले में सभी स्कूल और आगनवाड़ी केंद्रों में एक दिन का अवकाश घोषित किया है।

मौसम विज्ञान केंद्र का पूर्वानुमान है कि राज्य में आने वाले दिनों में भी बारिश का दौर जारी रहेगा।

सतर्कता

मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने मौसम विभाग द्वारा जारी रेड और ऑरेंज अलर्ट को देखते हुए अधिकारियों को 24 घंटे सतर्क रहने के निर्देश दिए हैं। उन्होंने कहा कि भारी बारिश के कारण राज्य लगातार चुनौतियों का सामना कर रहा है, इसलिए भूस्खलन और जलभराव की आशंका को ध्यान में रखते हुए पूरी सतर्कता बरती जाए।

देहरादून में एक उच्च स्तरीय बैठक में मुख्यमंत्री ने कहा कि आपदा प्रभावितों के पुनर्वास के लिए तेजी से कार्य हो और प्रभावितों को मैदानी क्षेत्रों में बसाने के विकल्पों पर भी विचार किया जाए। उन्होंने ज्योतिर्मठ–मलारी राष्ट्रीय राजमार्ग पर तमक नाले में बहे पुल पर जल्द बैली ब्रिज बनाने और गंगोत्री हाईवे को यात्रा से पहले सुरक्षित बनाने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि बरसात खत्म होते ही सड़कों पर पेचवर्क और निर्माण कार्य प्रारंभ कर दिया जाए।

उत्तरकाशी के हर्षिल और स्यानाचट्टी में बनी झीलों पर नजर रखने, जलस्तर नियंत्रित करने और मलबा हटाने के निर्देश भी दिए गए। मुख्यमंत्री ने कहा कि नदियों के जलस्तर पर दिन–रात निगरानी रखी जाए और खतरा महसूस होने पर तुरंत आवश्यक कार्रवाई की जाए।

## राहत और बचाव

पिथौरागढ़ जिले के धारचूला क्षेत्र में नेशनल हाइड्रोइलेक्ट्रिक पावर कॉर्पोरेशन– एनएचपीसी की सुरंग में हुए हादसे के बाद जिला प्रशासन, एसडीआरएफ और बीआरओ की संयुक्त टीम ने तेजी से राहत और बचाव कार्य करते हुए सुरंग में फंसे सभी 19 लोगों को सुरक्षित बाहर निकाल लिया है।

जिलाधिकारी विनोद गोस्वामी ने इसकी पुष्टि करते हुए बताया कि सभी अधिकारी और कर्मचारी पूरी तरह सुरक्षित हैं। उन्होंने यह भी बताया कि क्षेत्र में भूस्खलन की घटनाओं पर प्रशासन लगातार निगरानी रख रहा है और सुरक्षा के सभी आवश्यक कदम उठाए जा रहे हैं।

जिलाधिकारी ने आमजन से अपील की है कि किसी भी आपात स्थिति में तुरंत प्रशासन को सूचित करें, ताकि राहत कार्य समय रहते और प्रभावी ढंग से संचालित किए जा सकें।

## आपदा प्रबंधन

प्रदेश में आपदा प्रबंधन और राहत कार्य तेज गति से जारी हैं। भारी बारिश और मलबे से बंद हुई एक हजार 827 सड़कों में से एक हजार 747 को खोल दिया गया है, जबकि 80 पर काम चल रहा है।

जहां मलबा आने की आशंका थी, वहां पहले से आवश्यक मशीने और संसाधन तैनात किए गए थे, जिससे बंद सड़कों को तेजी से खोला जा रहा है। मुख्यमंत्री लगातार आपदा प्रभावित क्षेत्रों का निरीक्षण कर राहत और बचाव कार्यों की समीक्षा कर रहे हैं।

सरकार ने सड़कों, बिजली, पानी और आवश्यक वस्तुओं की आपूर्ति बहाल करने को सर्वोच्च प्राथमिकता दी है और सभी विभाग समन्वय बनाकर राहत कार्यों में जुटे हैं।

## श्रद्धांजलि

मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने खटीमा गोलीकांड के शहीदों को श्रद्धांजलि अर्पित की है। उन्होंने कहा कि उत्तराखंड राज्य आंदोलनकारियों के बलिदान को प्रदेश हमेशा याद रखेगा। मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य सरकार शहीदों के सपनों के अनुरूप उत्तराखंड के समग्र विकास के लिए संकल्पबद्ध है। उन्होंने रोजगार, शिक्षा, स्वास्थ्य सुविधाओं और अन्य क्षेत्रों में प्राथमिकता से कार्य करने की बात कही।

## डामरीकरण

श्रीनगर गढ़वाल विधानसभा क्षेत्र के चकरगांव–कल्याणखाल मोटर मार्ग के डामरीकरण के लिए शासन से प्रशासकीय और वित्तीय स्वीकृति मिल गई है। इस योजना के लिए 1 करोड़ 9 लाख 15 हजार रुपये स्वीकृत किए गए हैं।

कैबिनेट मंत्री और क्षेत्रीय विधायक डॉ. धन सिंह रावत ने कहा कि यह सड़क क्षेत्र की वर्षों पुरानी मांग थी और इसके बनने से स्थानीय लोगों के साथ ही गढ़वाल और कुमाऊं मंडल के लोगों को भी सुविधा मिलेगी। उन्होंने कहा कि सड़क किसी भी क्षेत्र के विकास की रीढ़ होती है और इससे विद्यार्थियों, किसानों व व्यापारियों को सीधा लाभ होगा।

स्वीकृति की जानकारी मिलने पर क्षेत्रवासियों ने मंत्री का आभार जताया और कहा कि सड़क बनने से उनकी परेशानियां दूर होंगी और क्षेत्र का विकास तेज़ी से होगा।

परीक्षा संपन्न

उत्तराखंड राज्य न्यायिक सिविल सेवा न्यायाधीश, कनिष्ठ श्रेणी की प्रारंभिक परीक्षा रविवार को शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न हुई। परीक्षा में कुल 21 हजार 175 अभ्यर्थियों ने पंजीकरण कराया था, जिनमें से केवल 9 हजार 730 परीक्षार्थी ही उपस्थित हुए।

उत्तराखंड लोक सेवा आयोग के सचिव गिरधारी सिंह रावत ने बताया कि यह परीक्षा राज्य के चार जिलों के पांच नगरों में स्थित 49 परीक्षा केंद्रों पर आयोजित की गई।

बिक्री पर रोकथाम

स्वास्थ्य मंत्री डॉ. धन सिंह रावत ने कहा कि प्रदेश में अब बिना चिकित्सकीय परामर्श के गर्भ संबंधी दवाओं की बिक्री नहीं होगी। मिसोप्रोस्टोल दवा की अनधिकृत बिक्री पाए जाने पर मेडिकल स्टोर संचालकों के खिलाफ पीसीपीएनडीटी एक्ट के तहत कार्रवाई की जाएगी।

मुख्य सचिव सभागार में हुई राज्य पर्यवेक्षण बोर्ड की बैठक में डॉक्टर रावत ने सभी मुख्य चिकित्साधिकारियों को जनपद स्तर पर नियमित समीक्षा करने और भ्रूण लिंग परीक्षण व भ्रूण हत्या की रोकथाम के लिए ठोस कार्ययोजना बनाने के निर्देश दिए।

बैठक में यह भी तय किया गया कि नवजात शिशु का जन्म पंजीकरण 21 दिन के भीतर सुनिश्चित किया जाए। इसके लिए ग्राम प्रधान, आशा, एएनएम और आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं को प्रशिक्षित किया जाएगा तथा जन्म पंजीकरण और चाइल्ड हेल्पलाइन 1098 को लेकर जनजागरूकता अभियान चलाया जाएगा।

राज्यपाल

राज्यपाल लेफ्टिनेंट जनरल गुरमीत सिंह ने कहा है कि उत्तराखण्ड की बेटियां अपने साहस और प्रतिभा से प्रदेश और देश को नई दिशा दे रही हैं। उन्होंने विश्वास जताया कि आने वाले समय में वे प्रदेश को और ऊंचाइयों तक ले जाएंगी।

देहरादून में आयोजित एक कार्यक्रम में राज्यपाल ने मातृशक्ति, युवाओं, शिक्षा, शोध और सांस्कृतिक धरोहर से जुड़े मुद्दों पर अपने विचार रखे।

राज्यपाल ने कहा कि योग, आयुर्वेद, शहद, अरोमा और वेलनेस जैसी प्राकृतिक संपदाएं प्रदेश की अनमोल धरोहर हैं, जिनका उपयोग कर आर्थिक अवसर पैदा किए जा सकते हैं।

शिक्षा और शोध पर जोर देते हुए राज्यपाल ने कहा कि देहरादून देश और विदेश का प्रमुख शिक्षा केन्द्र बन चुका है। अनुसंधान और नवाचार की संस्कृति को बढ़ावा देने से नई खोज और विचार सामने आएंगे।

युवाओं से उन्होंने नई तकनीकें सीखने और अपनाने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस, क्वांटम कम्प्यूटिंग और मेटावर्स जैसी तकनीकें भविष्य को आकार देंगी।

योग और अध्यात्म पर राज्यपाल ने कहा कि देवभूमि की पहचान पूरी दुनिया में योगभूमि के रूप में हो रही है। योग और आयुर्वेद मिलकर स्वास्थ्य क्षेत्र में क्रांति ला सकते हैं।

खेल और सांस्कृतिक प्रतियोगिताएं

राष्ट्रीय खेल दिवस पर चम्पावत जिले में 29 से 31 अगस्त तक विभिन्न खेल और सांस्कृतिक प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। स्पोट्र्स स्टेडियम टनकपुर और स्पोर्ट्स स्टेडियम छमनिया लोहाघाट में हॉकी, वॉलीबॉल और एथलेटिक्स की जिला स्तरीय प्रतियोगिताओं के साथ वाद–विवाद, निबंध, चित्रकला और प्रश्नोत्तरी कार्यक्रम हुए। विजेताओं को मेडल और पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया।

खेलो इंडिया साई सेंटर के बच्चों ने फिट इंडिया साइकलिंग अभियान के अंतर्गत 'संडे ऑन साइकिल' रैली निकाली, जिसमें बच्चों, ग्रामीणों और स्थानीय लोगों ने भाग लिया। इस दौरान साइकिल की उपयोगिता और स्वस्थ जीवन के लिए इसके महत्व पर जानकारी दी गई तथा नशा मुक्त उत्तराखंड की शपथ दिलाई गई।

थलसेना शिविर

84 उत्तराखंड वाहिनी एनसीसी, रुड़की की ओर से आयोजित प्री थलसेना शिविर के बाद राज्य के 91 कैडेट्स का दल कल दिल्ली रवाना हुआ। ये कैडेट्स आज से दिल्ली कैंट में शुरू हो रहे राष्ट्रीय थलसेना शिविर में हिस्सा ले रहे हैं। भारतीय थलसेना की ओर से आयोजित इस शिविर में देशभर के चयनित कैडेट्स को अनुशासन, हथियार संचालन, फील्ड क्राफ्ट, मैप रीडिंग और फायरिंग जैसी गतिविधियों का प्रशिक्षण मिलेगा।

एक नजर आज के समाचार पत्रों की सुर्खियों...

प्रदेश में हो रही बारिश जनजीवन प्रभावति होने की खबर सभी समचार पत्रों की सुर्खियों में है। दैनिक जागरण समाचार पत्र का शीर्षक है –दून समेत पांच जिलों में आज भारी बारिश का रेड अलर्ट, स्कूलों में छुट्टी। इसी खबर पर हिन्दुस्तान समाचार पत्र का शीर्षक है–260 सड़कें बंद, सीएम ने कहा–तत्काल खोले। राष्ट्रीय सहारा लिखता है–सीमावर्ती क्षेत्रों को जोड़ने वाला तमक नाले पर बना पुल बहा।

एक ख़बर पर दैनिक जागरण मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी के हवाले से लिखता है– उत्तराखंड और उत्तर प्रदेश में मतांतरण को गैर भाजपा सरकारें जिम्मेदार।

करोड़ों की साइबर ठगी में दो दबोचे– राष्ट्रीय सहारा की सुर्खी है।

पंचायतों में 33 हजार 490 पदों के लिए 20 सितंबर तक हो सकते हैं उपचुनाव– दैनिक जागरण समाचार पत्र की एक अन्य सुर्खी है।